कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों पर किसानों-श्रमिकों को दी राहत

इटारसी ,24 अप्रैल. नर्मदापुरम जिले में भीषण गर्मी के बीच किसानों और श्रमिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शुक्रवार को इटारसी स्थित गेहूं एवं चना उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए केंद्र पर कार्यरत हम्मालों और अपनी उपज बेचने आए किसानों को शीतल पेय और मठा वितरित किया, जिससे वहां प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला.

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों पर ठंडा पानी, छांव, पंखे और अन्य आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं, ताकि तेज गर्मी में किसानों और श्रमिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो. उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसान अपने निर्धारित एसएमएस के अनुसार जिस दिन उपज लेकर आएं, उसी दिन उनकी तुलाई की जाए. उन्होंने उपार्जित अनाज के शीघ्र उठाव और परिवहन व्यवस्था को तेज करने के निर्देश दिए. साथ ही, यदि किसी किसान की उपज रिजेक्ट होती है, तो उसका स्पष्ट कारण बताया जाए और उसकी फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी भी अनिवार्य रूप से की जाए.

कलेक्टर ने छोटे किसानों को प्राथमिकता देने और उनकी उपज की पहले खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. साथ ही किसानों को आश्वस्त किया कि जल्द ही बड़े किसानों के लिए भी स्लॉट बुकिंग शुरू की जाएगी. ग्राम रैसलपुर स्थित दादाजी वेयरहाउस में भी निरीक्षण के दौरान श्रमिकों को जलजीरा और फर्स्ट एड किट वितरित की गई. कलेक्टर ने स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए केंद्रों पर प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा केवल निर्धारित गुणवत्ता की उपज खरीदी जाने पर जोर दिया.

संगठन की आगामी रणनीति पर हुई चर्चा

हरदा, 24 अप्रैल . शहर में युवा कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को सम्पन्न हुई, जिसमें संगठन की आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई. जिला अध्यक्ष योगेश चौहान ने बताया कि हाल ही में निर्विरोध चुनाव जीतने वाले पदाधिकारियों के साथ-साथ खाली पदों पर भी जल्द ही भोपाल स्तर से नियुक्तियां की जाएंगी.

इसके अलावा सभी ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि वे 10 दिनों के भीतर अपनी-अपनी ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन अनिवार्य रूप से पूरा करें.

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि किसान आंदोलन के समर्थन में 28 अप्रैल को निकाली जाने वाली ट्रैक्टर रैली में युवा कांग्रेस पूरी मजबूती से भाग लेगी. संगठन ने किसानों के आंदोलन को समर्थन देते हुए आगामी दिनों में 'किसान सत्याग्रह' और 'चलो पंचायत' अभियान शुरू करने की घोषणा भी की. यह अभियान 10 तारीख से शुरू होगा. बैठक में हरदा विधानसभा अध्यक्ष भूपेश बल, टिमरनी अध्यक्ष अतुल तांक सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे. संगठन ने आगामी कार्यक्रमों में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया.

एक नजर में

राष्ट्रीय पंचायत दिवस मनाया गया

हरदा, 24 अप्रैल . जिले में 24 अप्रैल को जिला पंचायत सभागृह में राष्ट्रीय पंचायत दिवस मनाया गया. इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ ने पंचायत दिवस के महत्व और ग्रामीण विकास में पंचायतों की भूमिका पर जानकारी दी. जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत ने पंचायतों के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला, वहीं जिला पंचायत सदस्य ललित पटेल ने जनप्रतिनिधियों की भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में बताया. कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया. स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालयों के सर्वाधिक जियो टैग के लिए ग्राम पंचायत पिपल्या खुदिया को सम्मान मिला. वॉश एंड व्हील में उत्कृष्ट कार्य के लिए नग़ाबामाल पंचायत को सम्मानित किया गया. मनरेगा जल गंगा अभियान में समयबद्ध कार्य के लिए धनगांव पंचायत को तथा ई-केवाईसी में बेहतर प्रदर्शन के लिए मुक्तापुर और पिपल्या कला पंचायतों को सम्मान दिया गया. इस अवसर पर जिला पंचायत और जनपद पंचायत हरदा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

जिलें में 133 लीटर अवैध शराब सहित कार जप्त

नर्मदापुरम, 24 अप्रैल . जिलें में कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 133 लीटर शराब और एक कार जप्त की है. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा के मार्गदर्शन में की गई. 22-23 अप्रैल की रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सत्संग गार्डन के पीछे एक खाली प्लॉट में खड़ी कार में अवैध शराब रखी हुई है. सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां कार क्रमांक MP 04/CB 4245 खड़ी मिली. जांच करने पर कार का लॉक खुला पाया गया और उसके भीतर से 10 पेटी देशी तथा 5 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई. कुल मिलाकर 133 लीटर शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 65 हजार रुपये बताई गई है. साथ ही, पुलिस ने करीब 2 लाख रुपये मूल्य की कार को भी जब्त किया है. हालांकि मौके पर कोई आरोपी नहीं मिला. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

जिले ने एचपीवी टीकाकरण में रचा कीर्तिमान

100% लक्ष्य हासिल कर प्रदेश में चौथा स्थान

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 24 अप्रैल. जिले ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए ह्यूमन पैपिलोमावायरस संक्रमण के खिलाफ चलाए गए टीकाकरण अभियान में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है.

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से आयोजित इस अभियान के तहत 11,098 बालिकाओं का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया, जबकि लक्ष्य 11,096 का था.

यह अभियान 28 फरवरी से 21 अप्रैल तक चला और मात्र 53 दिनों में ही पूरा कर लिया गया, जबकि इसके लिए 90 दिनों का समय निर्धारित था. जिले के सभी ब्लॉकों डोलरिया, नर्मदापुरम, बनखेड़ी, पिपरिया, सोहागपुर, माखननगर, सिवनीमालवा, केसला और इटारसी ने 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया. कुल 439 सत्रों के माध्यम से यह सफलता प्राप्त हुई, जिसमें डोलरिया ब्लॉक सबसे पहले लक्ष्य हासिल करने वाला बना.

कलेक्टर के निर्देशन में अभियान को मिशन मोड में संचालित किया गया. स्वास्थ्य विभाग ने नियमित समीक्षा और मैदानी अमले के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया. इस सफलता में आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, एएनएम और नर्सिंग स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

शुरुआत में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया. घर-घर संपर्क, वैज्ञानिक जानकारी और सकारात्मक उदाहरणों के जरिए अभिभावकों का विश्वास जीता गया. टीकाकरण के बाद किसी भी प्रतिकूल प्रभाव की सूचना न मिलने से लोगों का भरोसा और मजबूत हुआ.

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गेहलोत ने इस उपलब्धि के लिए जिला प्रशासन और सभी सहयोगी विभागों का आभार व्यक्त किया. वहीं जिला टीकाकरण अधिकारी और जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने भी सभी संबंधित टीमों को बधाई दी. अभियान के प्रचार-प्रसार में मीडिया की भी अहम भूमिका रही, जिससे 14-15 वर्ष की बालिकाओं तक प्रभावी रूप से संदेश पहुंचाया गया.

समर्थन मूल्य गेंहू खरीदी शुरू 18 ट्रक वापस

नवभारत न्यूज पिपरिया, 24 अप्रैल. जिले में समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं खरीदी शुरू हो चुकी है, लेकिन गुणवत्ता मानकों के चलते कई समस्याएं सामने आ रही हैं. सहकारी समितियों द्वारा खरीदे गए गेहूं के 18 ट्रक एफएक्यू मापदंड पर खरे नहीं उतरने के कारण वापस लौटा दिए गए, जिससे समितियों और किसानों में हड़कंप मच गया है.

क्षेत्र की प्रमुख सहकारी समितियों खापरखेड़ा, गाड़ाघाट, साडिया, तरौनकला, देवगांव पिपरिया, धनासरी और सेमरीतला में खरीदी जारी है. इस दौरान देवगांव पिपरिया के 4 ट्रक, साडिया के 6 ट्रक, धनासरी के 2 ट्रक और गाड़ाघाट के 6 ट्रक वेयरहाउस स्तर पर अस्वीकृत कर वापस कर दिए गए. वजह रही कि गेहूं एफएक्यू गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरा. इस स्थिति के बाद समितियां किसानों को साफ और अच्छी तरह ग्रेडिंग किया हुआ गेहूं लाने के निर्देश दे रही हैं. कई किसान स्लॉट बुकिंग के बाद मंडियों तक पहुंचे, लेकिन गुणवत्ता के कारण उन्हें अपनी ट्रॉलियां वापस ले जानी पड़ीं.

धान बेचने पर किसानो से वसूली गई ऋण की राशि तीन माह बाद

समय पर ऋण नही देने से किसान हुए डिफाल्टर

नवभारत न्यूज

पिपरिया, 24 अप्रैल. जिलें में किसानों को धान बेचने के बाद ऋण कटौती की प्रक्रिया में गड़बड़ी के कारण बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. खरीफ सीजन के दौरान किसानों ने खाद और अन्य जरूरतों के लिए ऋण लिया था, जिसे चुकाने के लिए उन्होंने समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान बेची.

बिक्री के समय सहकारी समितियों द्वारा अनाज खरीदी पावती में ऋण की राशि काट ली गई, जिससे किसानों को विश्वास हो गया कि उनका कर्ज समय पर जमा हो गया है और वे डिफाल्टर नहीं होंगे.

लेकिन समस्या तब खड़ी हुई जब लगभग तीन महीने बाद मार्च के अंतिम सप्ताह में वही कटौती की गई राशि किसानों के बैंक खातों में वापस जमा कर दी गई. चूंकि किसानों को इसकी जानकारी समय पर नहीं मिल पाई, वे 28 मार्च की तय समय सीमा तक ऋण राशि दोबारा जमा नहीं कर सके और डिफाल्टर घोषित हो गए.

धनासरी क्षेत्र के कई किसानों जैसे हेमंत पटेल, संतोष पटेल, टीकाराम पटेल, शुभम पटेल और अन्य ने इस मुद्दे को लेकर एसडीएम कार्यालय में आवेदन दिया है. किसानों का कहना है कि सहकारी समिति ने पहले ऋण वसूली दिखाकर पावती दे दी, लेकिन बाद में राशि वापस खातों में डाल दी गई, जिससे भ्रम की स्थिति बन गई. परिणामस्वरूप अब उन पर ब्याज सहित वसूली का दबाव बन रहा है.

किसानों ने इस पूरे मामले की जांच कराने और ऋण जमा करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की है. इस संबंध में कलेक्टर और जिला सहकारी बैंक प्रबंधन को भी पत्र भेजा गया है. बैंक अधिकारियों का कहना है कि राशि समय सीमा के भीतर खातों में भेज दी गई थी और किसानों को सूचित भी किया गया था, लेकिन कई किसानों ने समय पर भुगतान नहीं किया. फिलहाल यह मामला जांच का विषय बना हुआ है और किसान प्रशासन से त्वरित समाधान की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि वे अनावश्यक आर्थिक बोझ से बच सकें.

सनातन सम्मेलन में सात किन्नरों की घर वापसी

इटारसी, 24 अप्रैल. शहर के त्रिशालानंद गार्डन में आयोजित अखिल भारतीय किन्नर सनातन सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ. इस कार्यक्रम में सात किन्नरों ने सनातन धर्म में घर वापसी की प्रक्रिया को धार्मिक विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ पूरा किया. इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से किन्नर समाज के लोग शामिल हुए.

कार्यक्रम का उद्देश्य किन्नर समाज को सनातन परंपराओं से जोड़ना और उन्हें धार्मिक मुख्यधारा में सम्मानजनक स्थान प्रदान करना बताया गया. इस दौरान किन्नर अखाड़े से जुड़ी पंचाली को महामंडलेश्वर की उपाधि प्रदान की गई, जिसकी घोषणा विधिवत रूप से मंच से की गई.

> संत-महात्माओं और धर्माचार्यों ने अपने संबोधन में किन्नर समाज की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक भूमिका पर प्रकाश डाला तथा समाज में उनके सम्मान और समावेशन की आवश्यकता पर जोर दिया. सम्मेलन में भजन, प्रवचन और धार्मिक गतिविधियों का आयोजन भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए.

गेहूं उठाने के लिए रिश्वत मांगने पर हुई शिकायत

नवभारत न्यूज पिपरिया, 24 अप्रैल. जिलें में गेहूं उठाव के बदले रिश्वत मांगने की शिकायत सामने आने के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है. शोभापुर स्थित श्रीनाथ वेयरहाउस में अधिकारियों की टीम ने जांच कर नमूने (सैंपल) लिए. वेयरहाउस संचालक मोहन पालीवाल ने नर्मदापुरम में जनसुनवाई के दौरान आरोप लगाया कि समर्थन मूल्य पर खरीदे गए गेहूं के उठाव के लिए उनसे पैसे की मांग की जा रही थी.

चौरिया कुर्मी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 7 को होगा

इटारसी, 24 अप्रैल. जिले में चौरिया कुर्मी समाज महासंघ की कोर कमेटी और शिक्षा परिवार की महत्वपूर्ण बैठक साई कृष्णा रिसोर्ट में आयोजित हुई, जिसमें संगठन के उद्देश्य और वार्षिक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई. महासंघ के अध्यक्ष नवीन पटेल ने बताया कि 11 मई से सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा, जिसके तहत ग्राम, ब्लॉक, जिला और प्रदेश स्तर पर समितियों का गठन किया जाएगा. महासंघ द्वारा 7 जून 2026 को तृतीय वर्ष में प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा. इस कार्यक्रम में

कक्षा 10वीं और 12वीं (एमपी बोर्ड व सीबीएसई) में 80% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा. साथ ही राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों, उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों, सैनिकों, वरिष्ठ नागरिकों और विशिष्ट सेवाओं में योगदान देने वाले लोगों को भी सम्मान दिया जाएगा.

कार्यालय नगरपालिका परिषद इटारसी जिला - नर्मदापुरम म.प्र.

पत्र क्रं./369/रा.शा./न.पा.ई./26/ इटारसी दिनांक 24.04.2026

// आम सूचना //

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी की दुकान पक्की/ कच्ची प्लाट नं 74/-1-14 कच्ची दुकान नं 41 जो कि नगरपालिका अभिलेख में किरायेदारी की दुकान श्री किशन पिता मंशाराम तिवारी के नाम से दर्ज है जो किरायेदारी नाम परिवर्तन श्रीमती मनोरमा उर्फ मनी बाई पत्नि किशन तिवारी पुत्र अशोक, राजेंद्र, प्रेम तिवारी, अनिल, सुनील पिता किशन तिवारी पुत्री लक्ष्मी पति जानकी प्रसाद पुत्री किशन, सुधा पति कमलेश, बबीता पति संजय, राखी शर्मा पति मनोज शर्मा, जमना दुबे पति मनोज पिता किशन तिवारी के नाम किरायेदारी में नाम परिवर्तन कराना चाहते हैं. उक्त दुकान की किरायेदारी नाम परिवर्तन कराये जाने में किसी को कोई आपत्ति है तो सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के कार्यालयीन समय में 15 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं. समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी.

मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद इटारसी

मौसम जिले में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है

लू का अलर्ट, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी

नर्मदापुरम, 24 अप्रैल. जिले में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है. सुबह 11 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं, जिससे लोगों को लू का अहसास होने लगता है. दोपहर के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है, जिसके कारण सड़कें सूनी नजर आती हैं और लोग घरों में रहने को मजबूर हैं. मौसम विभाग ने आगामी 3 से 4 दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक और बढ़ोतरी की संभावना जताई है तथा लू चलने की चेतावनी भी जारी की है.

पिछले 10 दिनों से जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है, जबकि रात का तापमान भी 25 डिग्री के पार पहुंच चुका है. शुक्रवार को अधिकतम तापमान 42.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री दर्ज किया गया. इस तेज गर्मी और झुलसाने वाली हवाओं का असर आम जनजीवन के साथ-साथ किसानों पर भी पड़ रहा है.

स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति को देखते हुए एडवायजरी जारी की है. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने लोगों से सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की है. विशेषज्ञों के अनुसार, शरीर का तापमान 40 डिग्री तक पहुंचने पर हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है, जिससे सिरदर्द, कमजोरी, उलझन और थकान जैसे लक्षण दिखाई देते हैं. गंभीर मामलों में किडनी फेलियर या मृत्यु का जोखिम भी हो सकता है. लोगों को पर्याप्त पानी पीने, हल्के सूती कपड़े पहनने, दोपहर 12 से 3 बजे के बीच बाहर न निकलने और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है.

कार्यालय नगर पालिका परिषद् हरदा जिला हरदा (म.प्र.)

Email-cmoharda@mpurban.gov.in conn. 07577222238
https://nagarpalikaharda.org Toll free No 18002331353
क्रमांक 9190 लोकनिर्माण/2026 हरदा दिनांक 22/4/26

(नियम 91(1)(क)(11))

ई नगर पालिका आमंत्रण सूचना का प्रारूप

मध्यप्रदेश शासन
नगर पालिका का नाम नगर पालिका परिषद हरदा
एन.आई.टी संख्या 4935 से 4938 /ई-टेंडरिंग
निम्नलिखित निर्माण / आपूर्ति / सेवाओं के लिए निविदा मापदंडो को पूरा करने वाले ठेकेदारों / कंसल्टेंट्स और प्राप्त फर्म्स से ऑनलाइन निविदा आंमत्रित है-

क्र.सं./पैकेज	निर्माण कार्य / आपूर्तियों/ सेवाएँ	जिला	संभावित राशि	समय अवधि
2026_UAD_501206_1	वार्ड क्र. 21 शक्ति नगर नाले के पास निकाय नाले की पुलिया की चौड़ाई के निर्माण कार्य.	हरदा	507878	2 माह
2026_UAD_501214_1	वार्ड क्र. 17 पाठक कॉलोनी में वीरू सरदार के मकान से छलोत्रे टेलर के मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य.		168409	2 माह
2026_UAD_501222_1	वार्ड क्र. 17 पाठक कॉलोनी में सोनकर जी के मकान से गोल्डी बड़ोदिया जी के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य.		379102	2 माह
2026_UAD_501238_1	वार्ड क्र. 17 जिला पंचायत बायपास रोड से अरविंद राठौर के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य.		538523	2 माह

01. इच्छुक निविदाकार वेबसाइट पर एनआईटी देख सकता है www.mptenders.gov.in
02. निविदा दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोडकर टेण्डर क्र. 1-2026_UAD_501206_1, 2- 2026_UAD_501214_1, 3-2026_UAD_501222_1, 4. 2026_UAD_501238_1 दिनांक 21/04/26 से 05/05/26 समय 5:30 बजे तक.
03. एनआईटी में संशोधन यदि कोई होता है तो केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्र में नही.
04. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया श्री विवेक दुबे उपयंत्री मोबाइल नं. 9425044254 पर संपर्क करें.

मुख्य नगर नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद हरदा